(d) The required details to the extent available would be collected and laid on the Table of the Rajya Sabha.

(e) and (f) The required details to the extent available are given below:

Sl. No.	Name of the Company	Amount assessed (Rs. in lakhs)	Period upto	Amount received (Rs. in lakhs)
1	M/s. Fulford (I) Ltd. . .	194.62	79-80 to 2/84	50.00
2	M/s. Lyka Labs. Ltd. . .	17.47	7/79 to 3/84	1.75
3	M/s. Nicholas Labs. . .	53.03	79-80 to 3/84	..
4	M/s. Biochem Pharma Ltd. .	33.98	79-80 to 3/84	..

(g) The action would be taken as per due process of law to recover the amounts from the formulations.

रसोई गैस के रेगुलेटरों के जारी किए जाने में विलम्ब

1396. श्री सुनिल कुमार पट्टनायक : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय तेल निगम के रसोई गैस के सिलिण्डरों के वितरक, विशेष रूप से पूर्वी दिल्ली में, गत छः महीनों से उपभोक्ताओं को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के रेगुलेटर समय पर जारी नहीं कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) रेगुलेटरों की समय पर सप्लाई किए जाने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) से (ग) जी, नहीं। कभी-कभी वितरकों के पास प्रेशर रेगुलेटर उपलब्ध न होने के कारण कुछ समय के लिए इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा नए एल० पी० जी० कनेक्शन जारी करने में कुछ समय के लिए देरी हो जाती है। ऐसी स्थिति से निपटने तथा रेगुलेटरों की समय पर सप्लाई करने के लिए कारपोरेशन ने जो कदम उठाए हैं उनमें ये शामिल हैं :-

(1) स्टाक पांइटों पर रेगुलेटरों की संख्या बढ़ाना।

(2) दूसरे वितरक से स्टाक का अन्तरण; और

(3) रिजर्व स्टाक बनाना।

खाना पकाने की गैस के वितरकों के विरुद्ध शिकायतें

1397. श्री सुनील कुमार पट्टनायक : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान भारतीय तेल निगम को खाना पकाने की गैस के वितरकों के विरुद्ध उपभोक्ताओं तथा विभिन्न समितियों की ओर से कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) ऐसी शिकायतों के सम्बन्ध में (दिल्ली सहित) राज्यवार, ब्यौरा क्या है; और